पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री
भारत सरकार, नई दिल्ली

Minister of State for Tourism & Defence
Government of India, New Delhi

सत्यमेव जयते

अजय भट्ट
AJAY BHATT

D.O. No. 3058 MoS. Def & Tourism/VIP/RES/2023

Date 20/03/2023

विषयः—विस्वाभारती केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रामगढ़ (नैनीताल) परिसर हेतु प्रारम्भिक पूंजी की व्यवस्था के सम्बन्ध में।

परम श्रद्धेय प्रधान मंत्री जी,

अत्यन्त गौरव का विषय है कि आपके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की कर्मस्थली रहे रामगढ़, जनपद नैनीताल (उत्तराखण्ड) में केन्द्रीय विश्वविद्यालय विस्वाभारती, पश्चिम बंगाल के परिसर की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिसके लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रारम्भिक चरण में 44.46 एकड़ भूमि का निःशुल्क हस्तांतरण भी किया जा चुका है।

मान्यवर सादर अवगत कराना है कि रामगढ़ में विस्वाभारती के परिसर की स्थापना हेतु प्रथम चरण में 150 करोड़ रूपये की डी0पी0आर0 शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में स्वीकृति के लिए पूर्व से प्रेषित है, जिसकी शासकीय/प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त न होने के कारण केन्द्रीय विश्वविद्यालय विस्वाभारती के इस सेटेलाईट परिसर का कार्य प्रारम्भ नहीं किया जा सका है।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय विस्वाभारती द्वारा प्रेषित पत्र (संलग्नक–1) दिनांक 13.03.2023 के द्वारा अवगत कराया गया है कि विस्वाभारती विश्वविद्यालय द्वारा रामगढ़ परिसर में Diploma in Microfinance and Entrepreneurship, Diploma in Rural Development, Diploma in NGO Management, Diploma in Visual Arts, Diploma in Textile, Diploma in Pottery Ceramics, Diploma in Design, Diploma in Disability Studies, Diploma in Inclusive Growth and Exclusion, Diploma in Climate Change and Environmental Challenges जैसे रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के साथ पठन–पाठन का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जो उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित किसी भी केन्द्रीय, राजकीय अथवा निजी विश्वविद्यालय में संचालित नहीं है।

विश्वविद्यालय द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि उक्त सेटेलाईट परिसर हेतु प्रारम्भिक स्तर पर पूंजी के रूप में)seed money(लगभग 70 करोड़ रूपये की आवश्यकता होगी, जिसमें अवसंरचनात्मक कार्य हेतु 50 करोड़, मानव संसाधन हेतु 10 करोड़ तथा परिसर की संचालनात्मक लागत के लिए 10 करोड़ रूपये के व्यय का अनुमान है।

यह भी अवगत कराना है कि आपकी अध्यक्षता में विस्वाभारती की कार्यपरिषद द्वारा रामगढ़ में विस्वाभारती के परिसर की स्थापना का निर्णय लिया गया, जिसके आचार्य (कुलाधिपति) आप होते है।

उक्त के आलोक में आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के साथ–साथ सम्पूर्ण उत्तराखण्ड के जनहित में जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्य को क्रियान्वित करवाकर सम्पूर्ण उत्तराखण्ड को अपना आर्शीवाद प्रदान करेंगे। इस उपकार के लिए क्षेत्रीय जनता आपके प्रति सदा आभारी रहेगी।

सादर - अजय भट्ट

(अजय भट्ट)

श्री नरेन्द्र मोदी जी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार, नई दिल्ली।